12 OCT 3 2026.qxd 11-10-2026 22:53 Page 1

घट स्थापित कर की मां शक्ति स्वरूपा की आराधना, देवी मंदिरोंमें उमड़े श्रद्धालु

शारदीय नवरात्र : प्रथम दिन मांके शैलपुत्री स्वरूपका पूजन-अर्चन एवं श्रृंगार दर्शनके लिए जुटे रहे भक्त

शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन घर एवं मंदिरों में श्रद्धालुओं ने घट(कलश) स्थापित कर मां के शैलपुत्री स्वरूप की आराधना की। मां अलोपीशंकरी, मां कल्याणी देवी एवं मां ललिता देवी मंदिर का भोर में कपाट खुलते हुए श्रद्धालुओं की भीड़ लग गयी। मां का पूजन-अर्चन एवं शाम को दिव्य श्रृंगार के लिए सुबह से लेकर देर रात तक श्रद्धालु उमड़े रहे। श्रद्धालुओं ने प्रथम दिन मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की गई। धार्मिक मान्यता है कि मां शैलपुत्री पर्वतराज हिमालय की पुत्री और प्रकृति की दिव्य शक्ति का स्वरूप हैं। नवरात्र के पहले दिन उनकी उपासना से साधक को सुख, शांति, समृद्धि और आध्यात्मिक बल प्राप्त होता है। इसी आस्था के साथ रविवार सुबह से ही प्रयागराज के शक्तिपीठ मंदिरों के साथ-साथ अन्य देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं के आने का क्रम शुरू हो गया। भक्तों ने विधि-विधान से पूजन कर मां से परिवार के कल्याण और जीवन में मंगल की कामना की।



अलोपशंकरी देवीका पूजन करते श्रद्धालु।

अलोपीबाग स्थित मां अलोप शंकरी मंदिर की महिमा और यहां की अनूठी पूजा परंपरा श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। इस शक्तिपीठ के गर्भगृह में देवी की पारंपरिक प्रतिमा के स्थान पर पवित्र कुंड के ऊपर लाल चुनरी से आच्छादित लकड़ी के पालने की पूजा की जाती है। भक्त इसी पालने को मां का दिव्य स्वरूप मानकर शीश नवाते हैं और अपनी श्रद्धा निवेदित करते हैं।

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, दक्ष यज्ञ में माता सती के देह त्याग के बाद भगवान शिव उनके पार्थिव शरीर को लेकर शोकाकुल अवस्था में विचरण करने लगे। सृष्टि के संतुलन की रक्षा के लिए भगवान विष्णु ने सुदर्शन चक्र से माता सती के शरीर को खंडित किया। मान्यता है कि इसी स्थान पर माता सती का एक अंग अदृश्य हो गया था। इसी घटना से इस स्थान का नाम अलोप शंकरी पड़ा।



अलोपशंकरी देवीके मंदिरमें अपनी बारीकी प्रतीक्षामें कतारबद्ध श्रद्धालु।

मां कल्याणी एवं ललिता देवीके भव्य श्रृंगारका किया दर्शन

शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन मां कल्याणी देवी एवं मां ललिता देवी के भव्य श्रृंगार का दर्शनकर श्रद्धालु भावि-विभोर हो उठे। मां कल्याणी देवी जी के मंदिर में शारदीय नवरात्र महोत्सव का शुभारंभ वैदिक मंत्रों एवं शंख, घंटा, घड़ियाल की ध्वनि के मध्य मां की मंगला आरती प्रातः ५.१५ बजे की गयी। प्रातः से मध्यान्ह तक हजारों श्रद्धालुओं ने मां का पूजन अर्चन किया। मध्यान्ह दो बजे के बाद मां के महाभोग का षोडशोपचार पूजन किया गया। उसके पश्चात मां कल्याणी जी का भगवती शैलपुत्री के स्वरूप में भव्य श्रृंगार किया गया। मां वृषभ पर आरूढ़ होकर अपने हाथों में त्रिशूल, कमल पुष्प धारण किये थीं। मां का श्रृंगार स्वर्ण, चांदी के आभूषणों एवं बेला, गुलाब, गेंदा के पुष्पों के द्वारा किया गया। मां की महाआरती शाम सात बजे पं. सुशील कुमार पाठक ने उतारी। शाम छह बजे से रात्रि १२ बजे तक भक्तों की अपार भीड़ मां के दर्शन के लिए लगी रही और भक्तों के द्वारा लगाए गए जय माता दी की जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। महारुद्राभिषेक, शतचंडी महायज्ञ प्रातः ८ से ११, शाम चार बजे से साढ़े छह बजे तक पं. संतोष कुमार मिश्र के आचार्यत्व में ११ ब्राह्मणों ने किया। इस मौके पर पंडित सुशील पाठक, मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी सहित अन्य लोग मौजूद रहे। वहीं इसी क्रम में त्रिपुर सुंदरी मां ललिता देवी मंदिर में मां का शैलपुत्री स्वरूप में भव्य और दिव्य महाश्रृंगार किया गया। मंदिर समिति के अध्यक्ष हरिमोहन वर्मा और महामंत्री प्रदीप जयसवाल ने बताया कि शाम को मंदिर परिसर में महिला मंडली की ओर से भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। महिला मंडली ने 'दर्शन दे दो ललिता मैया, अखियां देखन को ललचाय' जैसे मधुर भजनों की प्रस्तुति दी, जिसे सुनकर भक्त भाव-विभोर हो गए। रात्रि में बृजभान एंड पार्टी द्वारा भव्य भगवती जागरण का आयोजन किया गया। 'ढोल मजीरा बाजे मां ललिता के दरबार में' भजन पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते-गाते रहे। रात्रि में शतचंडी महायज्ञ का आयोजन हुआ, जिसके मुख्य यजमान समिति के मुख्य संरक्षक संजीव अग्रवाल रहे। यज्ञ का नेतृत्व पुजारी शिव मूरत मिश्रा ने किया। इस मौके पर समिति के मीडिया प्रभारी सुमित श्रीवास्तव, उमेश मिश्रा, गिरिशंकर प्रभाकर, हरीश खरे, कमलेश सहित अन्य पदाधिकारी सक्रिय रहे।

रिश्वत मांगनेके आरोपमें एसटीएफ के दरोगापर एफआईआर

दो गाय, जर्मन शेफर्ड श्वान एवं रुपये मांगनेका आरोप, मुकदमेसे नाम निकालनेके एवज में मांगी घूस, २०२३ में दर्ज हुआ था शराब तस्करीका मुकदमा

नवाबगंज थाना में दर्ज शराब तस्करी के एक मुकदमे से नाम निकलवाने के बदले एसटीएफ में तैनात दरोगा रणेंद्र कुमार सिंह पर दो गाय, एक भैंस, जर्मन शेफर्ड कुत्ता और ३५ हजार रुपये रिश्वत मांगने का आरोप लगा है। शिकायतकर्ता की ओर से सौंपी गई ऑडियो रिकॉर्डिंग और स्क्रीनशॉट की जांच के बाद हिसार मंडल के एंटी-करप्शन ने दरोगा के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

हिसार जिले के ब्यानाखेड़ा गांव निवासी मनवीर सिंह उर्फ मन्नू ने १७ फरवरी २०२६ को एंटी-करप्शन में शिकायत की थी। उसने दरोगा से बातचीत की ४५ ऑडियो रिकॉर्डिंग और स्क्रीनशॉट भी सौंपे। आरोप लगाया कि प्रयागराज के नवाबगंज थाने में दर्ज शराब तस्करी के एक मुकदमे से नाम निकलवाने के बदले दरोगा ने उससे गाय-भैंस, कुत्ता और रुपये की मांग की है। कुर्सी-मेज खरीदने के नाम पर ३५ हजार रुपये मांगे गए। एक फरवरी को दरोगा ने फोन कर दो गाय देने को कहा था। उसने तीन फरवरी को दो गाय भेज दीं। इसके बाद नौ फरवरी को फिर फोन कर एक गाय और एक भैंस भेजने की मांग की गई। शिकायत में जर्मन शेफर्ड कुत्ते की मांग का आरोप भी लगाया गया है। मनवीर की शिकायत पर टीम ने जांच की और रिपोर्ट १५ जुलाई को हरियाणा के डीजी को भेजी गई। इसके बाद १४ अगस्त २०२६ को प्राथमिकी दर्ज करने की अनुमति मिलने के बाद छह अक्तूबर को दरोगा के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। मनवीर के खिलाफ प्रयागराज के नवाबगंज थाने में दो सितंबर २०२३ को अवैध शराब तस्करी की एफआईआर दर्ज की गई थी। आरोप था कि हरियाणा से अंग्रेजी शराब अवैध तरीके से बिहार ले जाई जा रही थी। जांच के दौरान मनवीर का नाम भी सामने आया। मामले में वांछित होने पर उस पर ५० हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया। बाद में उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया और कुछ समय बाद वह जमानत पर रिहा हो गया।

दरोगा पर लटकी विभागीय कारवाईकी तलवार

एसटीएफ के अधिकारियों का कहना है कि दरोगा रणेंद्र कुमार सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने से पहले न तो कोई नोटिस दिया गया और न ही इस संबंध में कोई जानकारी दी गई। हालांकि, हरियाणा में रिश्वत मांगने के आरोप में एफआईआर दर्ज होने के बाद अब दरोगा पर विभागीय कार्रवाई की तलवार लटक रही है। मामले में आगे की जांच पूरी होने के बाद ही विभागीय स्तर पर कार्रवाई स्पष्ट हो सकेगी।

मांके ब्रह्मचारिणी स्वरूप का दर्शन-पूजन आज



नवरात्र के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की पूजा अर्चना की जाएगी। साधक इस दिन अपने मन को मां के चरणों में लगाते हैं।

ब्रह्मा का अर्थ तपस्या श्री ब्रह्मचारिणी एवं चरणीय यानी आचरण करने वाली इस प्रकार ब्रहाचारिणी का अथ हुआ तप का आचरण करने वाली मां दुर्गा का यह स्वरूप भक्तों औश्र सिद्धों को अतंत फल देन वाला है। इसनकी उपासना से तप, त्याग, वैराग्य सदाचार और संयम की वृद्धि होती है। देवी की दांए हाथ मे जप की माला एवं बाएं हाथ में कमंडल धारण किए हैं। मां ब्रह्मचारिणी देवी की कृपा से सर्व सिद्ध प्राप्त होती है।

आज आयेंगे डिप्टी सीएम केशव मौर्य

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एक दिवसीय दौरे पर सोमवार को प्रयागराज आ रहे है।इस दौरान वह पार्टी संघटन सहित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

भाजपा जिला मीडिया विभाग के विवेक मिश्रा ने बताया कि डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य अमौसी एयरपोर्ट लखनऊ से दोपहर २:३० बजे प्रस्थान करेंगे। अपरान्ह तीन बजे वह बम्हरौली एयरपोर्ट पहुंचेंगे। जहां से ३:३० बजे सर्किट हाउस के लिए प्रस्थान करेंगे। तत्पश्चात शाम ४ बजे जिला पंचायत सभागार जाएंगे। उसके बाद ४:५५ बजे डिप्टी सीएम सर्किट हाउस में पार्टी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं जनप्रतिनिधियों के साथ से संवाद करेंगे। डिप्टी सीएम रात्रि विश्रामके बाद अगले दिन सुबह १०.५० बजे पुलिस लाइन हेलीपैडसे कौशाम्बी रवाना होंगे।

त्योहारोंसे पहले महंगाईकी मार, आम आदमीकी जेबपर बढ़ा बोझ

सरसोंका तेल और चीनीके दामोंमें भारी उछाल

त्योहारों का सीजन नजदीक आते ही आम आदमी की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। हाल ही में खुले बाजार में खाद्य पदार्थो की कीमतों में खासी तेजी दर्ज की गई है, जिससे आम जनता की रसोई का बजट गड़बड़ा गया है। रसोई की मुख्य जरूरत मानी जाने वाली दालों के भाव में इस हफ्ते जबरदस्त उछाल आया है। अरहर दाल की कीमत में ३ हजार रुपये प्रति क्विंटल तक की बड़ी वृद्धि हुई है। अरहर दाल जो पहले ११० रुपये प्रति किलो बिकती थी, अब बढ़कर १४० रुपये प्रति किलो हो गई है। इसके अलावा चना दाल के दाम भी १,५०० रुपये प्रति क्विंटल तक बढ़ गए हैं, जिससे यह ७५ रुपये से बढ़कर ९०-९५ रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई है। अन्य सभी प्रकार की दालों में भी ५०० से १,००० रुपये क्विंटल तक की तेजी आई है। गल्ला तिलहन व्यापार मण्डल के पदाधिकारी एवं थोक व्यपारी आलोक केसरवानी ने बताया कि सरसों का तेल और सोयाबीन भी महंगे हुए है। दलहन के साथ-साथ तेल के दामों में भी आग लगी हुई है। सरसों का तेल जो पहले २, ८०० रुपये का टीन (लगभग १५ लीटर) मिलता था, वह अब १०० रुपये बढ़कर २,९५० रुपये प्रति टीन हो गया है। पाम आयल और सोयाबीन तेल की कीमतों में भी लगभग ५० रुपये प्रति टीन (१५ लीटर) की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिससे सोयाबीन तेल अब २,३०० से बढ़कर २,३५० रुपये तक बिक रहा है। त्योहारों के मौसम में चीनी की कीमतों में भी ४०० से ५०० रुपये प्रति क्विंटल का उछाल आया है। चीनी अब बाजार में ५४-५५ रुपये प्रति किलो के भाव पर बिक रही है, जबकि पहले यह ५० रुपये प्रति किलो थी। हालांकि, आटा और मैदा जैसी जरूरी चीजों के दामों में फिलहाल कोई खास तेजी देखने को नहीं मिली है और इनके दाम स्थिर बने हुए हैं। थोक व्यापारी आलोक केसरवानी का कहना है कि त्योहारी सीजन और सरकारी नीतियों के कारण थोक बाजार से लेकर खुदरा बाजार तक कीमतें प्रभावित हुई हैं। थोक विक्रेताओं के मुकाबले छोटे दुकानदारों और आम उपभोक्ताओं को इस महंगाई का सबसे ज्यादा सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि त्यौहार के इस समय में रोजाना इस्तेमाल होने वाली चीजों के महंगे होने से गरीब और मध्यम वर्ग का बजट बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

संगम क्षेत्रमें लगे शौचालय एवं चेन्जिंग रूम

प्रयागराज मेला प्राधिकरणने नवरात्र में गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के तट पर स्नान करने के लिए आनेवाले श्रद्धालुओं की सहूलियतके लिए संगम क्षेत्रमें दस शीटर शौचालयों और दस-दस चेन्जिंग रूम की स्थापना करा दी है। तहसीलदार इन्दु भूषण शर्मा, लेखपाल संदीप प्रजापति की देखरेख में रविवार को भी संगमतट पर बने घाटके आसपास साफ-सफाई करायी गयी ताकि स्नानार्थियों को परेशानी न हो। साथ ही अतिक्रमणकारियोंको खदेड़ा गया।

मुण्डेरा मण्डीमें फलोंके भावमें तेजी

नवारात्रि के पहले दिन ही फलों के भावों में मजबूती आई है। व्रती लोगों द्वारा फलों का सेवन करने से सेव भी महंगा हुआ है। थोक बाजार में शिमला का सेब रु १०० से लेकर १२० रुपये प्रति किलो के भाव पर बिका वहीं फुटकर बाजार में दो सौ रुपये से अधिक अच्छी गुणवत्ता का सेब रहा। अनार भी रु १०५ से लेकर ११५ रुपये प्रति किलो रहा। साधारण केला रु ४५ से ५२ रुपये प्रति किलो, संतरा रु ४५ से ५० प्रति किलो, मौसमी रु ३५ से ४० प्रति किलो, नाशपाती रु ९५ से १०५ प्रति किलो, अनानाश रु २८ से ३० प्रति किलो, पपीता रु ३५ से ४२ प्रति किलो, अमरूद रु ५२ से ६० प्रति किलो, कीवी रु १९० से २१० प्रति ट्रे का भाव रहा। जबकि बाजारों में स्थानीय खुदरा बाजारों में परिवहन खर्च एवं विक्रेताओं के मुनाफे के आधार पर फलों के भावों में अन्तर रहता है।

शहर की मण्डियों में बख्शीबांध फल एवं सब्जी मण्डी, बैरहना, अल्लापुर, प्रिंट्रिंग प्रेस चौराहा, चौक, मुट्ठीगंज आदि बाजारों में फलों की गुणवत्ता के आधार पर अलग-अलग भाव रहा।

पण्डालोंमें विराजीं मां दुर्गा, प्रतिमा स्थापित

नवरात्र के प्रथम दिन मां दुर्गा की प्रतिमा कई जगह पूजा पण्डालों में स्थापित की गयी। प्रतिमा स्थापित होने के बाद मोहल्ले के लोगों ने पण्डालों में ही कलश भी स्थापित कर पूजन अर्चन किया। दरअसल बारवारी कमेटियों की ओर से नगर में सजे दुर्गा पण्डालों में नवरात्र की षष्ठी को मां दुर्गा की प्रमिताओं को स्थापित करने की परम्परा है। लेकिन नगर में छोटा बघाड़ा, दारागंज, अल्लापुर, एलनगंज आदि मोहल्लों में सजे पण्डालों में नवरात्र के प्रथम दिन मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की जाती है। इसी के तहत शनिवार को नवरात्र के प्रथम दिन ऐसे इलाकों में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर लोगों ने मां का आवाहन किया।



सलोरी-हेतापट्टी पुलका निर्माण कार्य नवम्बरमें होगा शुरू

सलोरी-हेतापट्टी पुल का निर्माण कार्य नवम्बरके पहले सप्ताहमें शुरू होने के आसार हैं। इसके लिए सेतु निगम ने तैयारी पूरी कर ली है। कार्यदायी संस्था सेतु निगम के अधिकारियों की मानें तो इन दिनों गंगा का जलस्तर बढ़ा हुआ है। इस वजह से निर्माण कार्य शुरू नहीं किया जा सकता है। अनुमान है कि अगले १५-२० दिन में जलस्तर कम हो जायेगा। इसके बाद कार्य शुरू होगा। ढाई साल में निर्माण पूरा होने का लक्ष्य रखा गया है।सलोरी से हेतापट्टी के बीच लगभग ३.६ किमी लम्बे पुल के निर्माण में ९५२.९३ करोड़ रुपये खर्च होंगे। शासन की ओर से २० जनवरी को पहली किस्त ३०० करोड़ रुपये जारी की गयी थी। इसके बाद मृदा परीक्षण का काम भी शुरू कर दिया गया। इस पुल में करीब ६२ पिलर का निर्माण किया जायेगा। पुल के जरिये नगर से सीधे राष्ट्रीय राजमार्ग-१९ (प्रयागराज-वाराणसी मार्ग) से जोड़ा जाएगा। इससे शास्त्री पुल पर यातायात का दबाव कम होगा। पुल बनने से भदोही, वाराणसी, बिहार एवं पूर्वांचल की ओर जाने वाले यात्रियों का सफर आसान होगा और दूरी तथा समय की बचत होगी। परियोजना प्रबंधक, सेतु निगम रोहित मिश्र ने बताया है कि पुल के निर्माण की तैयारी पूरी है। अनुमान है कि गंगा का जलस्तर २० दिन में घट जायेगा। इसके बाद नवम्बर माह के पहले सप्ताह में पुल निर्माण का कार्य शुरू कर दिया जायेगा।

छुट्टीके दिन खुले बाजार, उमड़ी भीड़

पूजन सामग्री, कपड़े एवं आभूषणकी दुकानोंमें खरीदारी तेज

नवरात्र के प्रथम दिन नगर में रविवार को छुट्टी के दिन भी सभी बाजार खुले रहे हैं। इसमें लोगों ने नगर के मुख्य खाने पीने के बाजार चौक, लोकनाथ, बहादुरगंज, नखास कोहना सहित अन्य बाजारों में अपने व्रत से सम्बन्धित सामग्री के साथ पूजन सामग्री की खरीदारी किया। इसमें खासकर इस्तेमाल होने वाली पूजन सामग्री माता रानी के श्रृंगार का सामान चुनरी, कलश, नारियल, आम के पत्ते और अखंड ज्योति के लिए तिल के तेल व घी की बिक्री के लिए बाजारों में विशेष स्टाल सजे हुये हैं। यही नहीं नगर के मुख्य इलेक्ट्रानिक बाजारों शाहगंज, हीवेट रोड, सिविल लाइंस, मानसरोवर, जीरो रोड में लोग खरीदारी के लिए आने लगे हैं। खासकर नवरात्र के शुभ मौके पर एलसीडी टीवी, मोबाइल, वाशिंग मशीन, फ्रिज और एसी की मांग ज्यादा बनी हुई है। वहीं लोग जरूरत के हिसाब से अपने किचेन के मांग के अनुरूप बर्तन बाजार में बर्तनों की तलाश करते नजर आये। वहीं नगर के मुख्य आभूषणों बाजारों चौक, महाजनी टोला, लोकनाथ, सिविल लाइंस, कटरा में ग्राहकों की भीड़ दिखायी देने लगी है। अरसे बाद बाजारों में सन्नाटा दूर होने की उम्मीद से कारोबारी उत्साहित रहे हैं। नगर के मुख्य बाजार चौक और कटरा बाजार में सबसे ज्यादा चहल पहल देखी जा रही है। दुकानों पर लाल, पीले और सुनहरे गोटे वाली आकर्षक चुनरियां पचास से चार रुपये तक, कलश, नारियल, सिंदूर, कपूर और धूपबत्ती जैसे पूजन सामानों की खूब खरीदारी की जा रही है। बाजारों में सुबह से शाम तक पैर रखने की जगह नहीं रही है।

महिलाएं व्रत के फलाहार सामान जैसे साबूदाना, सेंधा नमक, मखाना और कुट्टू के आटा की खरीदारी के लिए सुबह सें ही पहुंच रही हैं। नगर से लेकर कस्बों तक के मुख्य बाजार पूरी तरह से सज चुके हैं।



संजय पासवान बने भाजपा अनुसूचित मोर्चाके महानगर अध्यक्ष

भाजपा के वरिष्ठ नेता संजय पासवान को भाजपा प्रयागराज महानगर अनुसूचित मोर्चा (एससी मोर्चा) का महानगर अध्यक्ष बनाया गया है। सूरज पासी को भाजपा गंगापार और दुबराज भारती को भाजपा यमुनापार की जिम्मेदारी सौंपी गयी है।नवनियुक्त अध्यक्ष संजय ने कहा कि मोर्चा को बूथ स्तर तक मजबूत बनाया जाएगा।

भाजपा प्रदेश नेतृत्व रविवार को अनुसूचित मोर्चा (एससी मोर्चा) के जिलाध्यक्षों की सूची जारी की गई। प्रयागराज महानगर की जिम्मेदारी संजय पासवान को सौंपी गयी है। इसके अलावा

सूरज पासीको गंगापार और दुबराज भारतीको मिली यमुनापारकी जिम्मेदारी

पार्टी ने सूरज पासी को भाजपा गंगापार और दुबराज भारती को भाजपा यमुनापार अनुसूचित मोर्चा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके पूर्व संजय पासवान ने अनुसूचित मोर्चा के मंडल मंत्री,मोर्चा जिला मंत्री से लेकर अनुसूचित मोर्चा के काशी क्षेत्र मंत्री तक का सफ़र तय किया। उन्होंने कहा कि संगठन ने उन्हें जो दायित्व दिया है उसे पूरी निष्ठा ईमानदारी से निभाने का पूरा प्रयास करेंगें। मोर्चा को बूथ स्तर तक मजबूत बनाया जाएगा।

भाजपा काशी क्षेत्र उपाध्यक्ष अवधेश चंद्र गुप्ता, महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, आनंद सोनकर, डा. शैलेश पांडेय, रमेश पासी, विक्रमजीत सिंह भदौरिया, अनुज कुशवाहा, पार्षद प्रवीण भारती, विवेक मिश्रा, पवन श्रीवास्तव,हरीश पासवान आदि ने नवनियुक्त अध्यक्ष को बधाई दी।

